# रावण-कुंभकरण के पुतला दहन के साथ आज मनेगा असत्य पर सत्य की विजय का पर्व दशहरा

## मां कालिका के दर्शन के लिए उमड़े भक्त, रिमझिम बारिश में गरबा डांडिया की धूम, किला से निकलेंगी झांकियां, एनसीसी मैदान में जलेगा पुतला

नवभारत न्यूज

**रीवा, 1 अक्टूबर, शारदेय नवरात्रि को लेकर भक्ति का वातावरण बना हुआ है. चारो तरफ मातारानी के जयकारे लग रहे है तो वही गरबा डांडिया की धूम मची है. रंग बिरंगे पोशाक में महिला-पुरूष गरबा डांडिया खेल रहे है. असत्य पर सत्य की विजय का पर दशहरा धूमधाम के साथ परम्परागत तरीके से गुरूवार को मनाया जायेगा.**

टीआरएस के एनसीसी मैदान में रावण, कुंभकरण और मेघनाथ का पुतला दहन किया जायेगा. 51 फिट ऊंचा रावण का पुतला बनकर खड़ा हो चुका है. बारिश के बावजूद तैयारी को अंतिम रूप दिया गया है. शाम को किला में गद्दी पूजन के बाद चल समारोह निकाला जायेगा और पुतला दहन के साथ मुख्य कार्यक्रम एनसीसी मैदान में होगा. नगर विजयादशमी उत्सव समिति के अध्यक्ष प्रकाश तरानी ने सभी से कार्यक्रम में पहुंचने की अपील की है और बताया कि रावण, मेघनाथ और कुंभकरण का पुतला बनकर तैयार हो गया है. शहर में गरबा डांडिया की धूम मची हुई और दुर्गा पंडालो को लाइटिंग से सजाया गया है, जहा शाम को दर्शन के लिये भीड़ लग रही है. खन्ना चौराहा, सिरमौर चौराहा सहित विभिन्न चौराहों पर भव्य प्रतिमाएं स्थापित की गई है.



**माँ कालिका के दर्शन करने उमड़े भक्त** -रीवा शहर के रानी तालाब स्थित माँ कालिका के दर्शन के लिये नवमी पर भक्तो का सैलाब उमड़ पड़ा. सोलह श्रृंगार में माता रानी ने भक्तो को दर्शन दिये. तड़के 4 बजे से पट खुलने के साथ शाम तक भक्तो की कतार लगी रही. दूरदराज से पहुंचे भक्तो ने माँ कालिका के दर्शन किये. गौरतलब है कि अष्टमी और नवमी के दिन माँ कालिका का विशेष सोलह श्रृंगार किया जाता है. नजारत शाखा से सोने-चांदी के जेवरात पुलिस सुरक्षा के साथ मंदिर पहुंचते है जहा माता रानी का स्नान कराने के बाद सोलह श्रृंगार किया जाता है. शारदेय नवरात्रि पर यहा मेला लगता है और दस दिन तक माँ कालिका के दर्शन करने दूरदराज से भक्तगण पहुंचते है. अंतिम दिन कन्या भोज के साथ मंदिर परिसर में भवन किया गया और शाम को भक्ति जागरण का आयोजन किया गया. रानी तालाब स्थित माँ कालिका के दर्शन के लिये जिस तरह से भीड़ उमड़ी उसी तरह शहर के फूलमती मंदिर में भी दर्शन के लिये भक्तगण पहुंचे. गोविन्दगढ़ स्थित खंधों माता मंदिर में भी दिन भर भक्तो का ताता लगा रहा.



**तीन घाटो में होगा प्रतिमाओं का विसर्जन** -नवरात्रि के नौ दिन पूरे होने के बाद आज शहर में धूमधाम से दशहरा उत्सव मनाया जाएगा. नगर निगम द्वारा बनाए गए तीन निर्धारित घाटों में माँ दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाएगा. निर्धारित स्थान के अलावा विसर्जन करने पर चालान की कार्यवाही की जायेगी. विसर्जन को लेकर निगम प्रशासन ने समुचित तैयारियाँ पूरी कर ली हैं और अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी भी लगा दी गई है. श्रद्धालुओं की सुविधा और स्वच्छता के लिए विशेष व्यवस्था की गई है. नगर पालिक निगम रीवा द्वारा दुर्गा जी की प्रतिमाओं के विसर्जन हेतु छतुरिहा घाट एवं करहिया घाट क्रमांक 01 एवं 02 में कृत्रिम विसर्जन कुण्ड का निर्माण कराया गया है. जहां पर प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाना है. बड़ी मूर्तियों के लिए करहिया घाट क्रमांक 02 में व्यवस्था है जहां हाइड्रा के द्वारा विसर्जन किया जाएगा. साथ ही निगम द्वारा घाट पर निर्माल्य कलश व्यवस्था की है विसर्जन स्थल के साथ-साथ चलित विसर्जन संग्रहण वाहनों की भी व्यवस्था की है.








### उप मुख्यमंत्री आज करेंगे शस्त्र पूजा

विजयदशमी पर्व पर शस्त्र पूजन कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ किया जाता है. आगामी 2 अक्टूबर को उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल पुलिस लाइन रीवा में शस्त्र पूजन करेंगे. शस्त्र पूजन कार्यक्रम दोपहर 2.30 बजे आयोजित किया गया.

### आस्था के साथ गरबा के रस में हुए सराबोर

कृष्णा राजकपूर आडिटोरियम में आयोजित हिंदू उत्सव समिति धर्म परिवार के गरबा महोत्सव 2025 का शानदार समापन रिमझिम बारिश के बाद बुधवार को हजारों कलाप्रेमियों के उपस्थिति व मां के जयकारे के साथ हुआ. 7 दिवसीय गरबा महोत्सव के अंतिम दिन शहर के 17 गरबा टीमों के कलाकारों ने गुजराती, राजस्थानी, मराठी, पंजाबी व दक्षिण वेशभूषा में आस्था के साथ जमकर शानदार गरबा नृत्य की प्रस्तुति देकर उपस्थित शहर के हजारों कलाप्रेमियों को गरबा के रस में सराबोर कर दिया, यही नहीं एक से बढ़कर एक झांकी गरबा नृत्य को देखकर लोग जयकारे के साथ भक्ति के रस में झूमने लगे. भक्ति के साथ ओपन गरबा नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी. कार्यक्रम में अतिथि के रूप में संजय गांधी अस्पताल अधीक्षक डॉ राहुल मिश्रा, सत्यनारायण चतुर्वेदी, डा0 महेश सिंह ने हौंसला बढ़ाया. अतिथियों एवं कला प्रेमियों का स्वागत करते हुए हिंदू उत्सव समिति धर्म परिवार के अध्यक्ष गुरमीत सिंह मंगू ने कहा कि स्नेह व प्रेम रीवा वासियों द्वारा गरबा महोत्सव कार्यक्रम 26 वर्षों से मिलता आ रहा है. कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष श्रीप्रकाश तोमर, सुरेश विश्नोई, सुनील अग्रवाल मौजूद थे.

## संक्षिप्त



### उप मुख्यमंत्री से मिले खाद्य आपूर्ति मंत्री

**रीवा,** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल के अमहिया स्थित निवास पर प्रदेश के खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने सौजन्य भेंट की. उल्लेखनीय है कि श्री राजपूत अल्पप्रवास पर सुबह रीवा पहुंचे थे. उन्होंने उप मुख्यमंत्री के निवास पहुंचकर सौजन्य भेंट की. इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने श्री राजपूत को नवरात्रि की शुभकामना देते हुए भगवान श्रीराम की प्रतिमा भेंट की.

### तीर्थदर्शन ट्रेन 25 को जाएगी द्वारका और सोमनाथ

**रीवा,** शासन द्वारा वरिष्ठ नागरिकों को एक तीर्थस्थान की नि:शुल्क यात्रा कराने के लिए मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना लागू की गई है. इस योजना के द्वारा 60 साल से अधिक आयु के मध्यप्रदेश के निवासी नागरिकों को नि:शुल्क तीर्थयात्रा का एक बार अवसर दिया जाता है. इस योजना के तहत रीवा जिले के 200 बुजुर्गों कों 25 अक्टूबर को द्वारिका और सोमनाथ की तीर्थयात्रा का अवसर दिया जा रहा है. इस संबंध में प्रभारी अधिकारी धर्मस्व ने बताया कि तीर्थदर्शन ट्रेन 25 अक्टूबर को रीवा रेलवे स्टेशन से रवाना होगी. यह ट्रेन 31 अक्टूबर को वापस लौटेगी. इसमें रीवा के 200 बुजुर्गों के साथ-साथ मऊगंज जिले के 179, सतना के 200 तथा मैहर जिले 200 बुजुर्गों को नि:शुल्क तीर्थयात्रा कराई जाएगी. तीर्थयात्रियों को सहयोग देने के लिए प्रत्येक जिले से चार अनुरक्षक भी उनके साथ जाएंगे.

### दशहरा में आज होगा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम

**रीवा,** रीवा जिले में 2 अक्टूबर को दशहरा मनाया जा रहा है. दशहरे में मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं. रीवा में एनसीसी ग्राउण्ड में भक्तिमति शबरी लीला नाट्य प्रस्तुत किया जाएगा. इसका निर्माण और निर्देशन विनोद कुमार मिश्रा ने किया है. यह कार्यक्रम रावण दहन और दशहरा उत्सव में आयोजित किया जा रहा है. आमजनता से इस मनोहारी सांस्कृतिक कार्यक्रम का लाभ उठाने की अपील की गई है.

### मऊगंज में आज शराब की बिक्री रहेगी प्रतिबंधित

**मऊगंज,** गांधी जयंती 2 अक्टूबर को पूरे मऊगंज जिले में शराब की बिक्री प्रतिबंधित रहेगी. इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी संजय कुमार जैन ने बताया है कि 2 अक्टूबर को जिले की सभी कंपोजिट शराब दुकानें, वाइन आउटलेट, देशी मदिरा बाटलिंग इकाई चोरहटा तथा देशी एवं विदेशी मदिरा के सभी गोदाम बंद रहेंगे. जिले भर में शराब की बिक्री, खरीद, परिवहन और भण्डारण पर प्रतिबंध के आदेश दिए गए हैं. पुलिस अधीक्षक एवं सहायक आयुक्त आबकारी आदेश का कठोरता से पालन सुनिश्चित कराएं.

### मऊगंज में आज होगा श्री हनुमान लीला नाट्य

**मऊगंज,** मऊगंज जिले में 2 अक्टूबर को दशहरा मनाया जा रहा है. दशहरे में मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं. मऊगंज में दशहरा मैदान में आयोजित दशहरा समारोह में श्री हनुमान लीला नाट्य को प्रस्तुत किया जाएगा. इसका निर्माण और निर्देशन अंकित कुमार मिश्रा ने किया है. यह कार्यक्रम रावण दहन और दशहरा उत्सव में आयोजित किया जा रहा है. आमजनता से इस मनोहारी सांस्कृतिक कार्यक्रम का लाभ उठाने की अपील की गई है.

### अधिकारियों, कर्मचारियों के स्वास्थ्य की जांच हुई

**रीवा,** सेवा पखवाड़ा अन्तर्गत स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान अन्तर्गत कलेक्टर कार्यालय में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में अधिकारियों, कर्मचारियों व महिला कर्मचारियों के स्वास्थ्य की जांच की गई.



वृद्धजन दिवस पर वृद्धजनो को सम्मानित करते रीवा कमिश्नर बीएस जामोद

## दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान आज से

नवभारत न्यूज

**रीवा, 1 अक्टूबर, गांधी जयंती 2 अक्टूबर से 09 अक्टूबर 2025 तक मध्यप्रदेश के समस्त जिलों में दुग्ध समृद्धि सम्पर्क अभियान प्रारम्भ हो रहा है.**

प्रदेश में दुग्धोत्पादन के लक्ष्य को दोगुना करने हेतु शासन द्वारा इस महत्वाकांक्षी अभियान को तीन चरण में कियान्वित किया जावेगा. इस अभियान अन्तर्गत पशुपालन विभाग के अमले एवं मैत्री कार्यकर्ताओं द्वारा पशुपालक को गृह भेंट देकर पशु पोषण, पशु स्वास्थ्य एवं पशु प्रजनन (नस्ल सुधार) हेतु जागरूक किया जावेगा. अभियान के प्रथम चरण अंतर्गत 10 एवं 10 से अधिक गाय/भैंस वंश के पशु पालक को सम्मिलित किया गया है. इस चरण में दो अक्टूबर से ग्रामसभाओं में ग्रामवासियों को जानकारी प्रदान की जायेगी. उसे 9 अक्टूबर के मध्य गृह भेंट प्रदान की जावेगी. अभियान में जनप्रतिनिधियों की सहभागिता सुनिश्चित कराने के निर्देश कलेक्टर द्वारा दिये गये हैं.

## ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन आज

नवभारत न्यूज

**रीवा, 1 अक्टूबर, जिले की ग्राम पंचायतों में 2 अक्टूबर को विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया जा रहा है.**

कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को ग्राम सभाओं के अनिवार्य रूप से आयोजन के निर्देश दिए हैं. कलेक्टर ने कहा है कि ग्राम सभाओं में नोडल अधिकारी और कृषि विभाग के अधिकारी सोयाबीन खरीदी के संबंध में लागू भावांतर योजना के संबंध में जानकारी अनिवार्य रूप से दें. ग्राम सभा में उपस्थित सभी व्यक्तियों को नशामुक्ति की शपथ दिलाएं. ग्राम सभा में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना से लाभान्वित हितग्राहियों की सूची का वाचन करें.

## कलेक्टर ने दो नायब तहसीलदारों को दिया कारण बताओ नोटिस

नवभारत न्यूज

**रीवा, 1 अक्टूबर, कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने दो नायब तहसीलदारों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है.**

लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत लोक सेवा केन्द्रों से प्राप्त आवेदनों का निराकरण समय सीमा में न करने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है. जारी नोटिस के अनुसार नायब तहसीलदार गोविंदगढ तहसील हुजूर दिलीप श्रीवास्तव द्वारा 8 आवेदन पत्रों तथा नायब तहसीलदार चाकघाट तहसील त्योंथर प्रकाश उपाध्याय द्वारा 3 आवेदन पत्रों का समय सीमा में निराकरण नहीं किया गया. जिस पर कलेक्टर ने दोनों तहसीलदारों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है.

## परिवहन विभाग ने ओव्हर लोड बीस वाहनों का किया चालान

नवभारत न्यूज

**रीवा, 1 अक्टूबर, जिले में परिवहन विभाग ने सड़क सुरक्षा को मजबूत बनाने के लिए विशेष अभियान चला रखा है.** वाहनों ने ओवरस्पीडिंग और क्षमता से अधिक यात्रियों का परिवहन करने वाले 20 वाहनों पर कड़ी चालानी कार्रवाई की गई. विभाग के अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई शहर के प्रमुख मार्गों पर की गई, जहां वाहन चालकों द्वारा नियमों का उल्लंघन पाया गया. परिवहन विभाग के अधिकारी ने कहा, सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए हम लगातार निगरानी कर रहे हैं. ओवरस्पीडिंग और ओवरलोडिंग न केवल यात्रियों की जान को खतरे में डालते हैं, बल्कि अन्य वाहनों के लिए भी जोखिम बढ़ाते हैं. आज की कार्रवाई इसी दिशा में एक कदम है. प्रभावित वाहनों में मुख्य रूप से यात्री बसें और छोटे वाहन शामिल थे, जिन पर जुर्माना लगाया गया.विभाग ने चेतावनी जारी करते हुए कहा कि भविष्य में ऐसी उल्लंघनों पर और सख्ती की जाएगी, जिसमें वाहनों की जप्त किया जायेगा.


अपने पुराने बैंक अकाउंट्स में पैसे जमा करके भूल गए?



जो आपका है उसे वापस दिलाने में आरबीआई आपकी मदद करेगा।

आपके बैंक के निष्क्रिय खाते (2 वर्ष से ज़्यादा और 10 वर्ष तक असक्रिय) में जमा पैसे / दावा न की गई जमा राशि (10 वर्ष से अधिक) को आरबीआई के डीईए फंड में ट्रांसफर कर दिया जाता है। आप या आपके क़ानूनी वारिस उसे कभी भी वापस ले सकते हैं।

आपके पैसे वापस पाने के 3 आसान स्टेप्स

1. बैंक की किसी भी शाखा में जाइए, भले ही वो आपकी रेग्युलर शाखा न हो
2. एक फॉर्म जमा कीजिए केवाईसी डॉक्यूमेंट्स के साथ (आधार, पासपोर्ट, वोटर आईडी या ड्राइविंग लाइसेंस)
3. वेरिफिकेशन के बाद ब्याज समेत (यदि है तो) अपने पैसे वापस पाइए

आपके दावा न किए गए पैसे के बारे में जानिए

आपके बैंक की वेबसाइट पर खोजिए या आरबीआई का UDGAM पोर्टल (https://udgam.rbi.org.in) देखिए जिसमें फ़िलहाल 30 बैंक शामिल हैं।





अधिक जानकारी के लिए https://rbikehtahai.rbi.org.in देखिए
प्रतिक्रिया के लिए rbikehtahai@rbi.org.in पर लिखिए
क्यूआर कोड स्कैन कीजिए
आधिकारिक व्हॉट्सऐप नंबर 99990 41935

जनहित में जारी
भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in